आइआइएम रांची में आदिवासी फिल्म महोत्सव 26 और 27 को

रांची . आइआइएम रांची और संवाद : टाटा स्टील फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 26 और 27 अगस्त को आदिवासी फिल्म महोत्सव होगा. थीम है : समुदाय के साथ. दो दिनों में छह आदिवासी फिल्म, शॉर्ट फिल्म और डॉक्यूमेंटरी की स्क्रीनिंग होगी. पहले दिन जोहार, बांधा खेत और रेट ट्रैप की स्क्रीनिंग होगी. दूसरे दिन सृष्टिकथा, गाड़ी लोहरदगा मेल और नाची से बाची फिल्म की स्क्रीनिंग की जायेगी. यह जानकारी आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने सोमवार को संवाददाताओं को दी. उन्होंने बताया कि महोत्सव में राज्य के सामाजिक मुद्दों पर परिचर्चा होगी. प्रत्येक फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद विद्यार्थी निर्माता और निर्देशक से विभिन्न विषयों पर सवाल-जवाब कर सकेंगे. इससे राज्य के फिल्म मेकर और कलाकार अपनी बातें लोगों तक पहुंचा सकेंगे. पहले दिन सिनेमा और आदिवासियत और दूसरे दिन आदिवासी धरोहर और सांस्कृतिक सहनशीलता विषय पर परिचर्चा होगी. इसके अलावा युवाओं के लिए स्टोरी टेलिंग सेशन का आयोजन होगा, जिसमें किसी भी संस्था के विद्यार्थी हिस्सा ले सकते हैं. आयोजन का हिस्सा बनने के लिए विद्यार्थी या आम लोग संस्था की वेबसाइट से संपर्क कर सकते हैं. फिल्म महोत्सव संस्था के स्वामी विवेकानंद सभागार में शाम चार बजे शुरू होगा.

Prabhat Khabar_22.08.2023_pg. 08